NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

होली से पहले ही पकड़ाया 1400 किलो नकली खोया, 400 किलो एक्सपायर्ड घी, FSSAI ने चेताया

नई दिल्ली: देश भर में परसों यानी 4 मार्च 2026 को ही होली का त्योहार (Holi 2026) मनाया जाएगा। इससे पहले दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ या फिर झांसी-उदयपुर आदि शहरों में नकली मावा, खोया, पनीर थोक में पकड़े जा रहे हैं। यही नहीं, सैकड़ों किलो देशी घी के डिब्बे पकड़े गए हैं, जो एक्सपायर्ड चुके थे। इसे देखते हुए सरकारी एजेंसी Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) ने ग्राहकों को सतर्क किया है।

1,400 किलो नकली खोया

FSSAI के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के झांसी से 1,400 किलो नकली खोया पकड़ा है। अधिकारियों ने बीते शनिवार को देर रात छापा मार कर यह कंशाइनमेंट पकड़ा था। यह खोया दूध के बदले हानिकारक पदार्थों से बनाया गया था और यह मानव के उपभोग के लायक नहीं था। तब भी इसे होली से पहले बाजार में पहुंचाने की तैयारी थी।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/business/business-news/fssai-seized-1400-kg-fake-khoya-400-kilo-expired-ghee-and-paneer-before-holi/articleshow/128939723.cms